हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 18 फरवरी 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 12.2 डिग्री

4
सरकारी खर्चे को बढ़ा रहे मार्कफेड के अधिकारी, ट्रांसपोर्टरों को पहुंचा रहे फायदा



## खबर संक्षेप

### वसुधा सामान्य ज्ञान स्पर्धा का परिणाम घोषित

**अम्बिकापुर।** वसुधा महिला मंच ने नवरात्रि के दौरान तीन वर्गों में आयोजित वसुधा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया है। मंच की संयोजिका सुश्री वंदना दत्ता ने बताया कि प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में शासकीय कन्या शाला में कक्षा 12वीं की अनिशा एवं 11वीं की श्रुति तिवारी ने प्रथम, आस्था गुप्ता ने द्वितीय तथा सबीना सिंह ने तृतीय स्थान पाया है जबकि शालिनी पाण्डेय एवं प्रतिभा गुप्ता का चयन सांत्वना पुरस्कार के लिए किया गया है। चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि पर 23 मार्च को दुर्गा मंदिर में आयोजित होने वाले जसगीत कार्यक्रम में प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

### बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्णतः प्रतिबंध

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा 20 फरवरी से प्रारम्भ हो रही है। प्रायः यह देखा जाता है कि विभिन्न दलों, संगठनों तथा आम जनता द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जाता है, जिसकी ऊंची आवाज से विद्यार्थियों की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता है। उपरोक्त वर्णित तथ्यों पर विचार करते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राजेन्द्र कटारा द्वारा कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा-5 अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर) को चलाया या चलवाया जाना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। विशेष परिस्थितियों में क्षेत्र के एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार से अनुमति उपरान्त ही मध्यम आवाज में लाउडस्पीकर का उपयोग किया जा सकेगा, किंतु रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे के बीच ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा।

### जर्जर एनएच व समस्याओं को लेकर चक्का जाम की चेतावनी

**अंबिकापुर।** एनएच 343 की जर्जर सड़क, नाला निर्माण, जल समस्या, अवैध प्लाटिंग, ब्लास्टिंग से आ रही दरारों सहित आय समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने आदोलन और चक्का जाम की चेतावनी दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने इस संबंध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि एनएच 343 की हालत बेहद खराब है। जगह जगह गड्ढे है और धूल उड़ रही है। कई स्थानों पर मिट्टी एवं धूल को सड़क के किनारे एवं मोड़ के पास डंप कर दिया गया है। रजपुरी के आगे बाहरी रिंग रोड में वर्तमान स्थान पर नाले का निर्माण किया जा रहा है, जिससे कृषि भूमि की सिंचाई बाधित हो रही है। इस कारण लगभग 100 स्थानीय किसान सीधे प्रभावित हो रहे हैं। रनपुर, असोला, राजपुर, देवगढ़ ग्राम पंचायतों में जल समस्या है। जल जीवन मिशन का कार्य होने के बाद भी पानी नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र में अवैध रूप से प्लाटिंग किया गया है और ब्लास्टिंग की जा रही है जिससे घरों में दरार आ रही है। उन्होंने इस समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है। मांग पूर्ण नहीं होने दस दिनों बाद आन्दोलन व चक्का जाम करने की चेतावनी दी है।

### सूने घर का ताला तोड़कर चोरों ने पार किया जेवर एवं बर्तन

**अम्बिकापुर।** चोरों ने वसुंधरा विहार एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सूने घरों का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर सहित अन्य कीमती सामानों को पार कर दिया है। चोरी की घटना से कालोनी वासी भयभीत है। इसके पूर्व चोरों ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सूने मकानों का ताला तोड़कर चोरी की थी। जानकारी के अनुसार वसुंधरा बिहार कॉलोनी निवासी निशान हैदर किसी काम से 12 फरवरी को परिवार सहित बिलासपुर गए थे तथा 15 फरवरी को सुबह वापस लौटे तो घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा देख हैरान हो गए। भीतर घुसे तो अलमारी खुली थी तथा चोरों ने अलमारी में रखा सोने का हार, दो अंगूठी, झुमके, मांगटीका, चांदी के पाजेब, पीतल का बर्तन सेट एवं महंगे कपड़े पार कर दिए थे। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। चोरों ने 4 दिन पूर्व सरगवां स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित 2 सूने घरों का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

जंगल के रास्ते झारखंड ले जा रहे थे आरोपी

# 7 गौवंश तस्करों के चंगुल से मुक्त






हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में गौ तस्करी के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन शंखनाद' के तहत जशपुर पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिकैतगंज के जंगल से 7 नग गौवंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया। तस्कर इन्हें पैदल जंगल के रास्ते झारखंड राज्य की ओर ले जा रहे थे।

पुलिस को 16 फरवरी की सुबह करीब 11 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि टिकैतगंज के पास जंगल मार्ग से कुछ संदिग्ध व्यक्ति गौवंशों को बेरहमी से मारते-पीटते हुए हांककर ले जा रहे हैं। सूचना में यह भी आशंका जताई गई कि इन्हें गोविंदपुर (झारखंड) की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए मौके पर दबिश दी। जंगल में पहुंचकर पुलिस ने देखा कि कुछ व्यक्ति तेजी से गौवंशों को पैदल ले जा रहे थे। पुलिस द्वारा घेराबंदी करते ही आरोपी गौवंशों को छोड़कर घने जंगल का फायदा उठाते हुए फरार हो गए।

### दूसरे मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

गौ तस्करी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को जशपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना आस्ता क्षेत्र के बहुचर्चित मामले में आरोपी जागेश्वर लकड़ा उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम गोविंदपुर, थाना जारी, जिला गुमला (झारखंड) को पुलिस ने मनोरा क्षेत्र से घेराबंदी कर पकड़ा और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। आरोपी जागेश्वर लकड़ा की पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि वह मनोरा क्षेत्र में देखा गया है। थाना आस्ता पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर उसे हिरासत में ले लिया।

### स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया

मौके से पुलिस ने 7 गौवंशों को सुरक्षित बरामद किया। सभी का पशु चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। पुलिस फरार तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार पतासाजी कर रही है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली जशपुर में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 एवं 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# मनोरा में विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत विकासखंड मनोरा में विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम हाई स्कूल हायर सेकेंडरी एवं उच्च प्राथमिक दो स्तर पर विकासखंड स्त्रोत केंद्र मनोरा के सभागार में आयोजित किए गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में गणित विज्ञान के साथ नवाचार के प्रति रुचि उत्पन्न करना था विकासखंड मनोरा के विभिन्न संकुलों से आए विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम बीआरसी मनोरा आशुतोष शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उक्त क्विज कार्यक्रम में माध्यमिक खंड से दल क्रमांक ए के दीपक राम सिमरन लकड़ा विवेक कुमार स्वर्णनी बाई प्रथम स्थान प्राप्त किये दल क्रमांक डी के अक्षय राम सत्येंद्र नाम मनीषा बाई देवी बाई द्वितीय स्थान प्राप्त किये ग्रुप ई के आलोक प्रधान प्रणीत इंदवार संजना पर रुपेश यादव तृतीय स्थान पर रहे।

### ये हुए पुरस्कृत

हाई स्कूल हायर सेकेंडरी खंड में पीएम श्री सेजेस मनोरा के पुष्पा मिश्रा सिल्की बाई अनिमा बाई श्याम प्रधान प्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोन्क्यारी एवं आस्ता के अनुषा किसपोट्टा सावित्री यादव लक्ष्मीबाई सुमित्रा बाई द्वितीय शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय खरसोता के युवराज प्रधान गौरव निराला आशिक भगत संतोषी बाई तृतीय स्थान प्राप्त किये विजेता छात्रों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री तरुण पटेल के द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया।

### प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास

क्विज प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण पटेल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में आत्मविश्वास के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। उपरोक्त क्विज कार्यक्रम का संचालन हायर सेकेंडरी खंड से राहुल भगत राम प्रसाद जायसवाल प्रियांशी कुजूर एवं पूर्व माध्यमिक स्तर से चंद्रशेखर भगत देवनारायण पटेल कुमारी सरिता व मंजुला झा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को व्यवस्थित करने में सीएसी महेंद्र सिंह बीरबल राम सत्यदीप प्रसाद का सहयोग रहा।

## स्वर्ण पदक जीतकर लौटीं विमला का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

मध्यप्रदेश के जबलपुर में आयोजित 45वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 1 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीतकर लौटीं विमला कुजूर का कोतबा के वरिष्ठजन ने स्वागत किया।



विमला कुजूर के नगर प्रवेश करते ही हनुमान मंदिर के समीप गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ उनकी अगवानी की गई। नगरवासियों ने आतिशबाजी करते हुए उन पर पुष्पवर्षा की। जीत के जश्न में डूबे नगरवासियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। यह प्रतियोगिता 13 से 15 फरवरी 2026 तक जबलपुर में आयोजित हुई थी, जिसमें देश के 28 राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच विमला ने ट्रिपल जंप (7.76 मीटर) में स्वर्ण पदक, 100 मीटर दौड़ और 80 मीटर हर्डल्स (बाधा दौड़) में रजत पदक जीतकर इतिहास रचा है। इस मौके पर सुरेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सुदर्शन पटेल, शकीला कंवर, विजय कुमार शर्मा, जगबंधु मिश्रा, मयंक शर्मा, रामकुमार साहू, धरणीधर साहू, श्याम कुमार द्विवेदी, योगेश्वर महाराज और जयंत शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सरगुजा में 17 हजार छात्र छात्राएं देंगी बोर्ड परीक्षा

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के तहत बोर्ड परीक्षाओं के संचालन हेतु गोपनीय सामग्रियों का वितरण किया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच केंद्राअध्यक्ष व सहायक केंद्रा अध्यक्षों को गोपनीय सामग्री प्रदान की गई और पुलिस की कड़ी निगरानी में पतियों को सुरक्षित थाना व चौकी तक पहुंचाया गया है। बता दें की इस बार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं की परीक्षाएं 20 फरवरी से शुरू हो रही है। हायर सेकेंडरी स्कूल की परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तक चलेगी जबकि हाई स्कूल की परीक्षा 21 फरवरी से लेकर 13 मार्च तक चलेगी। परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 तक चलेंगी। परीक्षा के लिए जिले में कुल 75 परीक्षा केंद्र बनाए गए है।

## मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शिक्षक महेश ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मध्यप्रदेश के जबलपुर में 13 से 15 फरवरी तक आयोजित 45 वीं राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में देशभर के 21 राज्यों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छत्तीसगढ़ से 40 सदस्यीय महिला एवं पुरुष दल ने विभिन्न आयु वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

- 4 रजत एवं 1 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का बढ़ाया मान

इस प्रतियोगिता में प्राथमिक शाला डीपाटोली कुनकुरी के शिक्षक महेश तिर्की विगत 5 वर्षों के लंबे संघर्ष और निरंतर अभ्यास के बाद पहली बार 40 प्लस आयु वर्ग की 200 एवं 800 मीटर दौड़ स्पर्धा में रजत पदक 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक और 100×4 व 400×4 मीटर रिले दौड़ स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया। इससे पूर्व भी वे सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता में 4 दफा छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। शिक्षक महेश तिर्की विद्यालय पहुंचे तो बच्चों ने उनका स्वागत किया। महेश तिर्की ने बच्चों को खेल-कूद के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि, पढ़ाई-लिखाई के साथ - साथ खेलकूद अति आवश्यक है। खेल-कूद से शरीर एवं मन स्वस्थ रहता है।



## छात्रों को बाइबिल बांटने वाले व्याख्याता के खिलाफ कार्रवाई

### लोक शिक्षण संचनालय ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शैक्षणिक अवधि के दौरान क्लासरूम में जाकर छात्र छात्राओं को बाइबिल बांटने वाले शासकीय हाई स्कूल केरसई के व्याख्याता दीपक तिग्गा को निलंबित कर दिया गया है।

गौरतलब है कि विगत 10 फरवरी को व्याख्यता दीपक तिग्गा प्राचार्य के बगैर जानकारी के छात्रों के क्लासरूम में चले गए और वहां मौजूद छात्र छात्राओं को छोटी छोटी बाइबिल की पुस्तकें बांटना शुरू कर दिया । इस बात की जानकारी जब स्कूल के प्राचार्य को लगी तो प्राचार्य ने तत्काल अपने स्तर से इसकी जांच शुरू कर दी जांच के दौरान क्लास रूम के छात्र- छात्राओं से बाईबिल की 14 पुस्तकें वापस ली गई । इसके बाद प्राचार्य के द्वारा तत्काल व्याख्याता दीपक तिग्गा को नोटिस जारी कर दिया गया और शिक्षा विभाग के जिला कार्यालय में इनकीं शिकायत कर दी गई। इस पूरे मामले की सघन छान बीन की गई तत्पश्चात मंगलवार को लोक शिक्षण संचनालय द्वारा इन्हें निलंबित कर दिया गया। हांलाकि निलंबन किए जाने के और भी कारण दर्शाए गए हैं।

## धान खरीदी विवादः पटवारी संघ ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

ग्राम सुरंगपानी में धान खरीदी के लिए किए गए किसान पंजीकरण में कथित फर्जीवाड़े का मामला गहराता जा रहा है। एक ओर प्रशासन ने हल्का पटवारी द्वारका प्रसाद को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है, वहीं दूसरी ओर राजस्व पटवारी संघ (तहसील इकाई बागबहार) ने इस कार्रवाई को अनुचित बताते हुए मोर्चा खोल दिया है।

- सिस्टम की खामियों को बताया गड़बड़ी की वजह

आरोप है कि पटवारी द्वारका प्रसाद ने ग्राम सुरंगपानी के किसान कार्तिक और दिलीप के नाम पर फर्जी तरीके से पंजीकरण किया। आरोप यह भी है कि पोर्टल पर खसरा नंबरों (134/1, 139/1, 133/1 आदि) में हेरफेर कर अन्य हिस्सेदारों की भूमि को गलत तरीके से जोड़कर धान बेचने का प्रयास किया गया। मामले में पटवारी संघ ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि द्वारका प्रसाद के खिलाफ कार्रवाई की जाती है, तो संघ इसका विरोध करेगा।



## विवि की अधोसंरचना का विकास पहली प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरू विवि मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। विवि के भकुरा परिसर में प्रशासनिक कार्यालय का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है लेकिन वहां आवश्यकता के अनुरूप बैठने तक की व्यवस्था नहीं है। शिक्षण विभागों का संचालन एक स्कूल के भवन में किया जा रहा है। भकुरा परिसर में प्रशासनिक कार्यालय सहित अन्य भवनों का निर्माण लम्बे समय से अधूरा पड़ा है। मेरी पहली प्राथमिकता विवि के इन्फ्रास्ट्रक्चर को दुरूस्त करना एवं शिक्षण विभागों को साधन संपन्न बनाकर शैक्षिक व्यवस्था को गुणवत्तापूर्ण बनाना है।



उक्त बातें संत गहिरा गुरू विवि के नवनियुक्त कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि विवि का भकुरा परिसर पहाड़ी का हिस्सा है। कहीं ऊंची पहाड़ी है तो कहीं गहरी खाई। परिसर का 90 फीसदी से अधिक हिस्सा पथरीला एवं उबड़-खाबड़ है। परिसर में समतल भूमि नहीं होने के कारण कोई भी निर्माण कठिन एवं काफी खर्चीला है। पहाड़ काटकर भूमि को समतल बनाना भी बेहद कठिन कार्य है। भवनों के अभाव में प्रशासनिक एवं शैक्षिक गतिविधियों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इस संबंध में मैंने स्वयं मुख्यमंत्री से मिलकर स्थितियों से अवगत कराया है। उन्होंने आगामी बजट में अधूरे भवनों के निर्माण के लिए राशि का प्रावधान करने का आश्वासन दिया है। कुलपति श्री लाकपाले ने बताया कि शिक्षण विभागों को साधन संपन्न बनाने के उद्देश्य से भकुरा परिसर में शिफ्ट किया जा रहा है। फार्मेसी विभाग का संचालन पुराने प्रशासनिक भवन में किया जा रहा है। यूटीडी के अन्य विभागों को भकुरा परिसर स्थित यूटीलिटी बिल्डिंग में शिफ्ट करने की तैयारियां अंतिम चरण में है। यूटीडी का विस्तार करने के उद्देश्य से आगामी शिक्षा सत्र से अर्यावर्त संस्कृति विभाग, एमबीए, रूरल टेक्नोलॉजी, ललित कला एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई प्रारंभ करने की अनुमति शासन से मांगी गई है। विवि ने 110 करोड़ के बिरसामुंडा जनजातीय अनुसंधान केंद्र तथा 50 करोड़ के आर्यावर्त संस्कृति संग्रहालय निर्माण का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा है। इन संस्थानों की स्वीकृति मिलने से हमारी संस्कृति को सहेजने एवं शोध के अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एसजीजीयू एक सेंट्रल लैब बनाने का प्रयास कर रही है जिसमें शोध अनुसंधान के लिए बड़े उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भकुरा परिसर में 50 लाख की लागत से एक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में बैडमिंटन कोर्ट, जिम सहित अन्य खेल सुविधाएं विकसित की जाएगी। भकुरा परिसर की आंतरिक सड़कों के निर्माण का भी प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

### कांसाबेल महाविद्यालय के मना वार्षिकोत्सव

# वार्षिक उत्सव से बढ़ता है विद्यार्थियों का आत्मविश्वास








हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कांसाबेल के नवीन शासकीय महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय थे।

उन्होंने कहा कि वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उनकी प्रतिभा को एक मंच प्रदान करते हैं। वार्षिक उत्सव के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन कार्यक्रमों में नृत्य, गीत और नाट्य शामिल थे। छात्राओं ने देशभक्ति, सामाजिक संदेश और भारतीय संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर अलोक सारथी, जिला मंत्री भाजपा जशपुर, शिप्रा दास जी, जनपद पंचायत सदस्य केशव पांडे, मंडल महामंत्री कासाबेल मंडल उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, सरपंच अनिल खलखो, उपसरपंच अमित जिंदल, सांतनु गर्ग, नारायण दास, अरविन्द स्वर्णकार विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### अभय कुमार साहू बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा उपाध्यक्ष



**अम्बिकापुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की सहमति से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता द्वारा भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के विभिन्न पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इसी क्रम में अभय कुमार साहू को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति की घोषणा होते ही समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। अभय साहू लंबे समय से भाजपा संगठन से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं और विभिन्न कार्यक्रमों व अभियानों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और सक्रियता को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। अभय साहू ने कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने और पिछड़ा वर्ग मोर्चा की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों की खेल उपलब्धियों से बढ़ा गौरव



**अम्बिकापुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, नगर एवं जिले का नाम रोशन किया है। सरगुजा ओलंपिक के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने पांच टीमों के बीच कड़े मुकाबले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस जीत के साथ विजेता खो-खो टीम जिले का प्रतिनिधित्व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेगी। इसी क्रम में बैडमिंटन स्पर्धा में छात्र करण मेहरा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त, ओपन नेशनल स्पर्धा में क्वानकिंडो खेल में छात्रा एंजलरोश खाखा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय की अंडर-17 टीम ने प्रथम स्थान तथा अंडर-14 टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। अंडर-17 वर्ग के कई खिलाड़ियों ने केंद्रीय विद्यालय संगठन की राज्य स्तरीय टीम की ओर से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भी भाग लिया। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय के प्राचार्य राजेश प्रसाद ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके प्रयास, अनुशासन एवं उपलब्धियों की सराहना की। सभी उपलब्धियों के पीछे विद्यालय के कोच के कुजूर एवं उमेश मंडल का योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवती की गई जान

**अम्बिकापुर।** सामरी थाना अंतर्गत ग्राम डूमर पाठ निवासी कुमारी सुगंती आ. कुवंर (20 वर्ष) 20 जनवरी को घर में अकेली थी जबकि परिजन बाहर काम करने गए थे। दोपहर 3 बजे परिजन घर पहुंचे तो देखा युवती उल्टी कर रही थी। परिजन ने पूछताछ की लेकिन युवती कुछ नहीं बताई। 23 जनवरी को युवती की तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर परिजन उसे कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### इनोवा की टक्कर से गंभीर वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम खजूरपारा निवासी मझली नगेसिया पति वोट राम (68 वर्ष) रविवार को पुराना घर से नया घर पैदल जा रही थी। जैसे ही नया घर के समीप मुख्य मार्ग पर पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे इनोवा क्रमांक सीजी 15 ईसी 2775 का चालक कुतुम अंसारी ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए वृद्धा को टक्कर मार दी। दुर्घटना में वृद्ध सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन वृद्धा को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान आज मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### इंजीनियस कान्वेंट स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**अंबिकापुर।** घुटरापारा स्थित इंजीनियस कान्वेंट स्कूल परिसर में 14 फरवरी को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के वार्षिक उत्सव जश्न ए बचपन विद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, वार्षिक शैक्षणिक कार्यक्रम, डांस प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ननि उमावि के प्राचार्य विनोद सिंह रहे। इस दौरान प्राचार्य श्री सिंह ने कहा कि ये केवल उत्सव नहीं बल्कि हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति, संस्कारों और शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव है। वार्षिकोत्सव छात्रों के सर्वांगीण विकास का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शासकीय कन्या उमावि प्राचार्य आरएल मिश्रा, मल्टीपरपज हायर सेकेंडरी स्कूल के उप-प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह सेंगर, अतिथि पार्षद बाबर इदरीसी, पर्राडांड संकुल के समन्वयक बेलाल अंसारी उपस्थित रहे।

#### हर साल बढ़ रही कालातीत ऋण की राशि

# किसानों ने रोक लिया कृषि ऋण का 216 करोड़ धान विक्रय के माध्यम से मात्र 62 फीसदी वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- सहकारी बैंक अपनी कमाई से कर रहा कर्ज की भरपाई

कृषि ऋण का भुगतान नहीं करने से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की वित्तीय स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। सरगुजा के किसानों ने पिछले 6 सालों से बैंक का 387 करोड़ रूपए से अधिक ऋण राशि को रोक रखा है वहीं पिछले साल के कृषि ऋण का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। राशि की कमी से जूझ रहे बैंक प्रबंधन ने सहकारी समितियों को बकाया ऋण वसूली के लिए सख्ती करने का निर्देश दिया है।

कृषि क्षेत्र के विकास एवं कृषकों को समय पर खेती के साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंकों के माध्यम से कृषि ऋण देने की व्यवस्था की है। सहकारी समितियों से जुड़े होने के कारण अधिकांश किसान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से कृषि ऋण लेते हैं। योजना के तहत निर्धारित अवधि में कृषि ऋण का भुगतान करने पर किसानों को ब्याज का भुगतान नहीं करना पड़ता वहीं समय पर भुगतान नहीं मिलने पर बैंक ब्याज के साथ ही दण्ड राशि भी वसूलता है। पूर्व में बैंक खरीफ एवं रबी फसल के लिए एक बार कृषि ऋण स्वीकृत करता था लेकिन आर्थिक गड़बड़ियों को रोकने अब अलग-अलग ऋण राशि स्वीकृत करने के साथ ही 60 फीसदी नगद एवं 40 फीसदी सामग्री के नियम में बदलाव कर 70 फीसदी नगद एवं 30 फीसदी राशि की सामग्री देने का निर्णय लिया है।

गत वर्ष जिला सहकारी बैंक ने एकीकृत सरगुजा के सभी पांच जिलों के किसानों को 365 करोड़ 10 लाख 98 हजार का कृषि ऋण प्रदान किया था। किसान धान समितियों में धान विक्रय के दौरान लिंकिंग के माध्यम से कृषि ऋण का भुगतान करते हैं। धान विक्रय के दौरान मात्र 62 फीसदी किसानों ने लिंकिंग के माध्यम से ऋण राशि का भुगतान किया जबकि ऋण वसूली से बचने अन्य किसान अपनी उपज बेचने समितियों में नहीं पहुंचे। लिंकिंग के माध्यम से बलरामपुर के किसानों से मात्र 43.82 फीसदी जबकि एमसीबी जिले के किसानों से सर्वाधिक 91.30 फीसदी राशि का भुगतान किया। सरगुजा के किसानों ने 39 फीसदी एवं सूरजपुर के किसानों ने 28 फीसदी ऋण राशि रोक ली। बड़ी संख्या में किसानों ने ऋण का भुगतान नगद किया है लेकिन यह राशि भी 15 करोड़ में सिमट गई है। किसानों ने 216 करोड़ 29 लाख 69 हजार रूपए ऋण का भुगतान रोक दिया है जिसका ब्याज सहकारी समितियों को भुगतान करना पड़ रहा है।





#### किसानों तक पहुंचती है कर्ज की राशि

किसानों को कृषि ऋण उपलब्ध कराने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अपेक्स बैंक से अपनी क्रेडिट लिमिट के अनुसार हर साल कर्ज लेता है तथा सहकारी समितियों के किसानों को कृषि ऋण देने के लिए ऋण पर राशि उपलब्ध कराता है। बैंक अपनी साख बचाने वसूली गई राशि में अन्य स्त्रोतों की कमाई मिलाकर निर्धारित समय में कर्ज राशि का भुगतान करता है। बैंक भुगतान किए गए ऋण राशि पर बैंक को ब्याज अनुदान देता है जबकि कालातीत ऋण पर समितियां 14 फीसदी की दर से दण्ड ब्याज वसूलती हैं। समय पर ऋण राशि का भुगतान नहीं मिलने पर बैंक अपनी कमाई से ऋण राशि का भुगतान करता है जिसके कारण बैंक को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है।

#### 193 करोड़ का ऋण कालातीत

वर्ष 2018 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने किसानों के कृषि ऋण को पूरी तरह माफ कर दिया था। सिर से कर्ज का बोझ उतरने से किसानों को काफी राहत मिली थी। ऋण माफी के बाद हर साल कालातीत ऋण राशि बढ़ने के कारण सहकारी समितियों एवं बैंक पर आर्थिक दबाव बढ़ते जा रहा है। पिछले सात सालों में बैंक का कालातीत ऋण बढ़कर 193 करोड़ 88 लाख 71 हजार पहुंच गया है। कालातीत ऋण में इस साल और अधिक वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि किसान सरकार से एक बार फिर ऋण माफी मिलने की उम्मीद में किसान ऋण राशि भुगतान करने में रूचि नहीं ले रहे हैं तथा अपनी उपज भी दूसरे किसानों के माध्यम से बेच रहे है।

#### समितियों को प्रकरण बनाने के निर्देश

कालातीत ऋण की वसूली के लिए सहकारी समितियों को ऋणी किसानों को नोटिस जारी कर प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। समिति प्रबंधक इस संबंध में कार्रवाई कर रहे हैं।

-बालकृष्ण प्रताप सिंह
फिल्ड ऑफिसर, फाइनेंस को-ऑपरेटिव बैंक

## कोयलांचल क्षेत्र में एक ही रात में चोरों ने कई आवासों को बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- डीएवी कॉलोनी में शिक्षकों के क्वार्टरों में लगे एल्युमीनियम दरवाजे हुए चोरी
- पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फूटेज के आधार पर जुटी आरोपियों की तलाश में

कोयलांचल में शादी विवाह कार्यक्रम व गर्मी की शुरुआत होते ही चोरी का सिलसिलाअब पुनः शुरू हो गया है,रविवार की रात अज्ञात चोरों ने सात क्वार्टरों में अलग अलग धावा बोलकर एल्यूमिनियम के जाली लगे दरवाजे व नगदी पार कर दिए है।

गौरतलब है कि बीती रात अज्ञात चोरों ने डीएवी कालोनी में धावा बोलकर क्वार्टर नंबर बी-48 निवासी सुशील कुमार सिंह, बी-52 निवासी लेखराम साहू, सी-4 निवासी मनोज सारंगी एवं सी-8 निवासी अर्पणा मिश्रा के क्वार्टर के मुख्य द्वार में लगे एल्यूमीनियम दरवाजे को खोलकर ले गए हैं,सुबह उठने के दौरान मेन दरवाजा खोलने पर शिक्षकों को इसकी जानकारी हुई,इसी प्रकार अज्ञात चोरों ने माइनर्स कालोनी क्वार्टर नंबर 146 निवासी मंजू तिवारी,क्वार्टर नंबर 157 निवासी पुलिस आरक्षक राजीव गवेल,क्वार्टर नंबर 159 निवासी नीता बाईन के सुने मकान को भी अपना निशाना बनाया था,जहां ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया है,बताया गया कि नीता बाईन इन दिनों रायपुर अपने ससुराल गई हुई हैं,जो शिक्षा विभाग में लिपिक का कार्य करती हैं,साथ ही मंजू तिवारी भी बाहर गई हुई हैं और आरक्षक राजीव गवेल अपने पिता के सेवानिवृत्ति उपरांत हाल ही में नए मकान में शिफ्ट हुए हैं,चोरी की अधिकांश घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है,जिस पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ट्रेन क्रॉसिंग के लिए बंद जयनगर रेलवे फाटक से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एनएच 43 में रविवार को मध्यरात्रि हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई,बताया गया कि बरबसपुर थाना रामानुजनगर निवासी अनुज केरकेट्टा पिता अशोक केरकेट्टा 21 वर्ष रविवार को अपनी बाइक से अपने मामा घर सतपता गांव आया हुआ था,देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे अपने मामा के घर से नानी के यहां जयनगर जाने के लिए अपनी होंडा बाइक क्रमांक सीजी 15 ईडी 3082 से निकला था,रात्रि में अंबिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन टाइम लेट था जिससे करीब बारह बजे रेलवे फाटक बंद रखा गया था,इसी दौरान अनुज अपनी बाइक को तेज गति से चलाते हुए बंद रखे जयनगर रेल फाटक से टकरा गया जिससे सड़क पर सिर के बल गिर जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई,स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची जयनगर पुलिस ने शव को उठवाकर मर्चुरी में रखवाया एवं परिजनों को घटना की सूचना दी,रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अम्बिकापुर।** मेला देख कर घर लौट रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम बोझा निवासी चंद्रिका आ. वकील अगरिया (20 वर्ष) राजमिस्त्री का काम करता था। महाशिवरात्रि के दिन अपने साथी के साथ मेला देखने सिलसिला आया था। शाम दोनो वापस घर लौटने लगे और जैसे ही सकलपुर भटगांव मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में चंद्रिका गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बाइक की टक्कर से ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

परिवार के साथ मंदिर से पूजा कर पैदल घर लौट रहे ग्रामीण को बाइक चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम नावाडीह निवासी उमेश आ. मैनेजर (34 वर्ष) महाशिवरात्रि के दिन पत्नी सुनिता सहित परिवार के सदस्य व पड़ोसियों के साथ महावीरगंज स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने गए थे। शाम 7 बजे सभी मंदिर से पैदल वापस घर लौटने लगे और जैसे ही ग्राम बगड़ा के समीप पहुंचे तभी पीछे से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे उमेश गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन स्थानीय अस्पताल में उपचार कराने के पश्चात बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष पहुंचे गर्ल्स कालेज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रभात मिश्रा का एक दिवसीय दौरा के तहत शासकीय कन्या महाविद्यालय पहुंचे। इस अवसर पर शासकीय रेवती रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एचएन दुबे, शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य बृजलाल साहू, छत्तीसगढ़ राज्य भाषा आयोग के जिला समन्वयक डॉ. मोहन साहू एवं महाविद्यालयीन अधिकारी कर्मचारियों एवं छात्राओं द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष का सम्मान किया गया।

शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य द्वारा छत्तीसगढ़ी एवं सरगुजिहा बोली पर आधारित एक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा महाविद्यालयीन छात्रों से अध्यक्ष का परिचय कराया गया। राजभाषा के अध्यक्ष ने कहा कि आदिम बोलियों के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य डिजिटल युग में छत्तीसगढी को संवैधानिक मान्यता मिले। छत्तीसगढ़ी फिल्म और संगीत उद्योग को मजबूत करने के साथ-साथ राज्य में छत्तीसगढ़ी बोली को बढ़ावा देने के लिए आयोग प्राथमिक विद्यालयों से लेकर महाविद्यालयीन अध्ययनरत छात्र-छात्राओं तक पहुंचकर आयोग की गतिविधियों के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अध्ययन-अध्यापन को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढी बोली के लिए निर्मित शब्दकोश के माध्यम से जन-जन तक लोगों तक पहुचाने के लिए सभी स्तर पर संगोष्ठी का आयोजन हो। उन्होंने कहा महाविद्यालयीन कक्षाओं में छत्तीसगढ़ी से संबंधित पाठ्यक्रमों का हिस्सा बने एवं अपने घर परिवार गांव-गली की भाषाओं को निरंतरता बनाए रखें। इस दौरान डॉ. मोहन साहू, डॉ. अखिलेश पाण्डेय, डॉ. विनोद साहू, डॉ. सलीम किस्पोट्टा, पुनीत गुप्ता सहित महाविद्यालयीन अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### लुप्त हो रही बोलियों को संरक्षित करने की जरूरत

- भाषा आयोग के अध्यक्ष ने ली साहित्यकारों की बैठक



**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य भाषा आयोग अध्यक्ष डॉ.प्रभात मिश्रा अपने दो दिवसीय प्रवास पर शनिवार को अम्बिकापुर पहुंचे तथा सर्किट हाउस में जिले के साहित्यकारों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्थानीय बोली-भाषा के प्रचार-प्रसार पर बल दिया तथा आयोग के माध्यम से स्थानीय बोली-भाषा के उत्थान के संबंध में साहित्यकारों से सुझाव मांगा। उन्होंने साहित्यकारों से कहा कि आप अपने आलेखों के माध्यम से आयोग को अपने सुझाव भेजे ताकि सुझावों के अनुसार हम खुद काम कर सकें। उन्होंने कहा कि कई स्थानीय बोलियां विलुप्ति की कगार पर पहुंच गई है। आप विलुप्त हो रही इन बोलियो पर नियमित कुछ कार्य करते रहें। वर्तमान में ऐसी बोलियों को संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। आयोग इस दिशा में हर समय आपके साथ है। बैठक को जिला समन्वयक राजेश तिवारी, डॉ.सुधीर पाठक, रंजीत सारथी, डॉ.अंचल सिन्हा एवं देवेन्द्र दुबे ने संबोधित किया। इस दौरान बीडी लाल, डॉ.दीपलता देशमुख, श्रीमती आशा पाण्डेय, अजय श्रीवास्तव, अनिल कुमार त्रिपाठी, मुकुंदलाल साहू, कृष्णकांत पाठक, संतोष दास सरल आदि उपस्थित थे।

### मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया पूरक पोषण आहार यूनिट का शुभारंभ

**सूरजपुर।** ग्राम पालदनौली ओड़गी में महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की उपस्थिति में 'पूरक पोषण आहार यूनिट का शुभारंभ किया गया। इस यूनिट में मीठा शक्ति आहार एवं नमकीन पौष्टिक दलिया का निर्माण किया जाएगा तथा इसका संचालन राधे महिला स्वयं सहायता समूह पालदनौली ओड़गी द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि पूरक पोषण आहार यूनिट की स्थापना से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार उपलब्ध कराया जा सकेगा। मंत्री ने कहा कि इस यूनिट में तैयार होने वाला मीठा शक्ति आहार एवं नमकीन पौष्टिक दलिया स्थानीय पौष्टिक सामग्रियों से निर्मित होगा, जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को ताजा एवं पोषक तत्वों से भरपूर आहार समय पर उपलब्ध हो सकेगा।

### नगरीय क्षेत्र में ट्रकों की एंट्री समय में परिवर्तन करने की मांग लेकर यूनियन ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** ट्रीप टीपर ट्रेलर ऑनर कल्याण संघ सूरजपुर के पदाधिकारियों ने कोयला परिवहन से जुड़ी ट्रकों की नगरीय क्षेत्र में एंट्री समय में परिवर्तन करने की मांग को लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को ज्ञापन सौंपा है। शिवनंदनपुर नपं के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में ट्रीप टीपर ट्रेलर ऑनर कल्याण संघ ने उल्लेख किया है कि कोयला परिवहन क्षेत्र में हजारों लोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं और यह क्षेत्र शासन की आय का भी एक प्रमुख स्त्रोत है। वर्तमान में ट्रकों की नगरीय क्षेत्र में एंट्री समय लागू व्यवस्था से ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि विद्यालय समय का हवाला देकर प्रतिदिन लगभग 6 से 7 घंटे तक वाहनों की आवाजाही रोक दी जाती है।

## निश्छल सरगुजिहा साहित्य समिति ने किया कवि सम्मेलन



**अम्बिकापुर।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में निश्छल सरगुजिहा साहित्य समिति ने मालवीय भवन में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। पूर्व पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह, बीडी लाल, शायर-ए-शहर यादव विकास के आतिथ्य एवं पूर्व बीईओ एसपी जायसवाल की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन किया। पूनम दुबे वीणा की सरस्वती वंदना के उपरांत वरिष्ठ साहित्यकार बीडी लाल को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। पं.रामनारायण शर्मा ने बीडी लाल के व्यक्तित्व-कृतित्व के विषय में बताया। कवि सम्मेलन में सचिव मुकुन्दलाल साहू ने शिव का सरल स्वरूप है, अद्भुत उनका नूर, एसजी जायसवाल ने देवों के भी देव है महादेव भगवान, संतोष सरल ने अबड़ सरगुजा कर जाड़ा, माधुरी जायसवाल ने संगीत की तान हैं मधुर बेटियां, आशा पाण्डेय ने मुझे कोख में मत मारो, श्यामबिहारी पाण्डेय ने न ऊंची जात में लेता, रामलाल विश्वकर्मा ने मर्यादा की बात बताकर, कृष्णकांत पाठक ने चाहे नगद या उधार कर, अम्बरीश कश्यप ने अंदर भी सब खाली-खाली, प्रकाश कश्यप ने कऊछ नहीं रखा यारो, नए-पुराने साल में, विनोद तिवारी ने फिर लहूलुहान ये देश हुआ है। पूनम दुबे वीणा ने दिल जलता है तो जलता रहे, अजय सागर ने युद्ध के बीच खड़ा अभिमन्यु चक्रव्यूह की रचना है, राजेन्द्र राज ने अझे नाझो दो होवे नोनी बासी चटिक अगुर तैं हर खाए के जाबे रचना सुनाई। विनोद हर्ष, राजेश पाण्डेय अब्र, चंद्रभूषण मिश्र और आनंद राम अकेला ने भी अपनी रचना सुनाई। शायर-ए-शहर यादव विकास की गजल क्या-क्या न गुल खिलेंगे से गोष्ठी का समापन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन माधुरी जायसवाल ने किया इस दौरान राजेश तिवारी, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, सच्चिदानंद पांडेय, अनिल त्रिपाठी, लीला यादव, प्रिया, रिया गुप्ता, डीपी तिवारी, अंजली चौबे, आरपी त्यागी उपस्थित थे।

# शिवनंदनपुर में साढ़े तीन करोड़ के निर्माण एवं विकास कार्यों का केबिनेट मंत्री ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अधोसंरचना मद से नगर पंचायत शिवनंदनपुर में 3 करोड़ 41 लाख 57 हजार रुपये की लागत से विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन सोमवार को महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सरगुजा सांसद को भी आमंत्रित किया गया था, किंतु वे किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो सके। मंत्री श्रीमती राजवाड़े एवं अन्य अतिथियों ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद शिलापट्ट का अनावरण किया।





शिलान्यास करती कैबिनेट मंत्री।

अपने संबोधन में मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिया था और नगर विकास को गति देने के लिए हाल ही में लगभग चार करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की थी,अब विकास कार्यों की शुरुआत हो रही है,जिसका सीधा लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा,उन्होंने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी को बड़ा हृदय दिखाते हुए विकास कार्यों में सहयोग करना चाहिए,यदि अभी कार्यों में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न किया जाएगा तो भविष्य में समस्याएं खड़ी हो सकती हैं,उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि सड़कों,नालियों एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक भूमि नगर पंचायत प्रशासन को उपलब्ध कराएं( क्योंकि वर्तमान में नगर विकास की नींव रखी जा रही है,छोटे-छोटे भूमि विवादों से बचते हुए व्यापक हित में सहयोग करें, ताकि स्वीकृत सड़कें चौड़ी और बेहतर बन सकें तथा अन्य निर्माण कार्य सुचारु रूप से पूर्ण हो सकें,मंत्री ने कहा कि भाजपा ने नगर पंचायत का गठन किया है और भाजपा ही इसे व्यवस्थित एवं विकसित करेगी। कार्यक्रम को वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा,भाजपा नेता अजय गोयल, बाबूलाल गोयल सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया और नगर विकास में जनसहभागिता को आवश्यक बताया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता शितिकांत स्वाईं ने किया। इस अवसर पर अशोक गुप्ता, अशोक अग्रवाल, अनूप सिन्हा, कृष्ण गोयल, केके जिंदल, दीपेंद्र सिंह चौहान, श्यामा पांडेय, संजीत सिंह, हरीश राजवाड़े, रितेश जायसवाल, मनी बग्गा, धर्मेंद्र गुप्ता, श्यामू साहू, अमित मित्तल, अनीता सिंह, नगर पंचायत प्रशासक एवं तहसीलदार सूरजपुर सूर्यकांत साय, नगर पंचायत सीएमओ सुनील सिन्हा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## 215 वां श्री हरिचांद ठाकुर जन्म महोत्सव को लेकर हुई बैठक



**बिश्रामपुर/मदनपुर।** एनएच 43 किनारे बसे ग्राम अजबनगर में इस वर्ष भी आध्यात्मिक आस्था और सांस्कृतिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा,श्री हरिचांद ठाकुर के 215 वें जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले वारूनी महामेला की तैयारियों को लेकर श्री किरण चांद हरि भजन आश्रम अजबनगर में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

बैठक का शुभारंभ श्री हरिचांद ठाकुर के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया,उपस्थित हरिभक्तों ने संकल्प लिया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी वारूनी महामेला को भव्य और दिव्य स्वरूप में मनाया जाएगा,आयोजन समिति द्वारा 16 मार्च से 20 मार्च तक चलने वाले पांच दिवसीय कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा घोषित की गई,जिसमें 16 मार्च को विशाल कलश यात्रा एवं अधिवास के साथ शुभारंभ,17 मार्च को पवित्र गंगा स्नान एवं निसान दल का आगमन,18 मार्च को मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध जेएमडी म्यूजिक ग्रुप द्वारा जीवंत झांकियों के साथ भजन संध्या की विशेष प्रस्तुति, 19 मार्च को धार्मिक एवं सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम, जिसमें स्थानीय कलाकार भी सहभागिता करेंगे।



# रिलीज होते ही छाया 'नागबंधम' का टीजर

**मुंबई।** 'नागबंधम' के मेकर्स एक बहुत बड़ा माइलस्टोन सेलिब्रेट कर रहे हैं, क्योंकि महाशिवरात्रि के मौके पर रिलीज हुए फिल्म के टीजर ने सभी प्लेटफॉर्म्स पर महज 24 घंटों के भीतर 20 मिलियन से ज्यादा व्यूज बटोर लिए हैं। टीम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक नोट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने भगवान के आशीर्वाद और दर्शकों के सपोर्ट के लिए अपना आभार जताया है। सोशल मीडिया पर मेकर्स ने लिखा, भगवान शिव के आशीर्वाद और दर्शकों के ढेर सारे प्यार के साथ महज 24 घंटों में 20 मिलियन से ज्यादा डिजिटल व्यूज पार कर लिए हैं। फिल्म पैन-इंडिया लेवल पर 2026 की गर्मियों में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

लाइफ Style



# शनाया

## 'तू या मैं'ने बदली सोच

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्मी दुनिया में किसी भी कलाकार के लिए खुद को साबित करना और आलोचनाओं से जूझना आसान नहीं होता। ऐसा ही अनुभव अभिनेत्री शनाया कपूर ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साझा किया। इस पोस्ट में उन्होंने नई फिल्म 'तू या मैं' और अपने किरदार 'अवनी' को लेकर दिल की बातें रखीं।

इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए शनाया कपूर ने कहा,'तू या मैं' मेरे जीवन में उस वक्त आई, जब मैं खुद को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं थी। मेरे अंदर आत्मविश्वास की कमी थी और मैं खुद से सवाल करती रहती थी। ऐसे समय में इस फिल्म और इस किरदार का मिलना मेरे लिए किसी सहारे से कम नहीं था। इस फिल्म ने मुझे सिर्फ एक भूमिका नहीं दी, बल्कि खुद पर भरोसा करना भी सिखाया।' अपने किरदार के बारे में शनाया ने कहा,अवनी ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। फिल्म में अवनी एक ऐसी लड़की है, जो मुश्किल हालात में भी हार नहीं मानती और जानलेवा परिस्थितियों का सामना करती है। अवनी मगरमच्छों से लड़ती है। अवनी के इसी अंदाज ने मुझे डर से लड़ना सिखाया। इस किरदार ने मुझे निडर और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। मैं अभी भी अवनी के मजबूत व्यक्तित्व तक पहुंचने की कोशिश कर रही हूं। यह सफर मेरे लिए बेहद खास है।' अपनी पोस्ट में शनाया ने दर्शकों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा, 'करियर की शुरुआत में ही दर्शकों से इतना प्यार मिलना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। लोगों की तारीफ, प्रतिक्रियाएं और समीक्षाएं मुझे भावुक कर देती हैं।

हॉलीवुड मसाला



# रिंग बनी चर्चा का विषय

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस लूसी हेल इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्हें लॉस एंजेलिस में विजुअल आर्टिस्ट फिलिप लोपेज के साथ कॉफी डेट पर देखा गया। इस दौरान उनकी उंगली में पहनी एक अंगूठी ने सगाई की अफवाहों को हवा दे दी है। अब उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। 36 वर्षीय एक्ट्रेस बुधवार को लॉस एंजेलिस के एक कैफे में फिलिप लोपेज के साथ नजर आईं। दोनों को कैफे के अंदर काफी करीब बैठकर बातचीत करते देखा गया।



# 61 वर्षीय पत्नी संग रोमांटिक हुए 83 साल के फोर्ड...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर हैरीसन फोर्ड और उनकी पत्नी फ्लॉकहार्ट एक बार फिर अपने रोमांटिक अंदाज को लेकर चर्चा में हैं। शनिवार को लॉस एंजेलिस में विमान से उतरने के बाद दोनों को टारमैक पर एक-दूसरे को किस करते और गले लगाते देखा गया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गईं। प्लेन से उतरने के बाद 83 वर्षीय फोर्ड और 61 वर्षीय फ्लॉकहार्ट ने खुल्लम-खुल्ला अपने प्यार का इजहार किया। दोनों एक-दूसरे की आंखों में देखते और मुस्कुराते नजर आए। शादी के करीब 26 साल बाद भी उनके बीच जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली। इस दौरान दोनों ने बेहद कैजुअल कपड़े पहने थे। फ्लॉकहार्ट ले टैन कलर की लाउंज पैंट और डार्क ग्रे स्वेटर में नजर आईं।



# महाशिवरात्रि में जमकर थिरकीं तमन्ना

**कोयंबटूर।** ईशा फाउंडेशन में आयोजित महाशिवरात्रि के जश्न में बॉलीवुड सेलेब्स का जमावड़ा देखने को मिला। बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया का डांस वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वे लोगों के साथ थिरकती दिखीं। तमन्ना भाटिया कई सालों से महाशिवरात्रि के जश्न का हिस्सा बनती आ रही हैं, और इस बार भी वे भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखीं। सिंपल व्हाइट लुक के साथ अभिनेत्री को पूरे जोश के साथ डांस करते हुए देखा गया। अभिनेत्री का डांस सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। महाशिवरात्रि के भव्य कार्यक्रम में सारा अर्जुन और श्रीनिधि शेट्टी को भी देखा गया। दोनों अभिनेत्रियों के लिए महाशिवरात्रि के भव्य समारोह का अनुभव बहुत अच्छा रहा।



# ओ रोमियो ने बॉक्स ऑफिस पर मारी बाजी...

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर इन दिनों अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म 'ओ रोमियो' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में उनकी तृप्ति डिमरी संग केमिस्ट्री को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। वहीं, बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म अच्छा कलेक्शन कर रही है। भारत में वीकेंड के दौरान इस फिल्म ने तीन दिनों में 30 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। बॉक्स ऑफिस आंकड़ों के अनुसार, पहले दिन ओ रोमियो ने भारतीय बाजार में 8.5 करोड़ की कमाई की थी। दूसरे दिन फ़ल्मि ने 12.65 करोड़ कमाई और तीसरे दिन 09 करोड़ की कमाई की। इस तरह फ़ल्मि ओ रोमियो ने भारतीय बाजार में 30 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। बता दें, विशाल भारद्वाज निर्देशित फिल्म ओ रोमियो में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी लीड रोल में हैं।

टीवी मसाला

# क्रिस्नन बनने वाली हैं मां, दिखाया बेबी बंप...

**मुंबई।** छोटे परदे की मशहूर एक्ट्रेस क्रिस्नन बैरेटो ने अपने फैंस के साथ दिल को छू लेने वाली खबर शेयर की कि वह अपने पति नाथन करमचंदानी के साथ



अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। कपल ने बताया कि उनका दो लोगों का परिवार जल्द ही तीन का होने वाला है। 'कैसी ये यारियां' से फेमस हुईं क्रिस्नन ने इस खास मौके को मार्क करने के लिए नाथन के साथ इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। अपने जॉइंट पोस्ट में उन्होंने लिखा कि यह आखिरी वैलेंटाइन्स डे होगा, जिसे वे सिर्फ एक कपल के तौर पर मनाएंगे, क्योंकि एक बच्चा आने वाला है। क्रिस्नन ने प्रेग्नेंसी को ऑफिशियली अनाउंस करने के लिए एक क्रिएटिव वीडियो शेयर किया। क्लिप की शुरुआत कपल के हाथ में एक अखबार से होती है, जिसकी हेडलाइन है, 'ब्रेकिंग न्यूज: बेबी रास्ते में है!' इसके बाद नाथन के क्रिस्नन के बेबी बंप को प्यार से सहलाते हुए कुछ खूबसूरत पलों को दिखाया है। क्रिस्नन बैरेटो और नाथन करमचंदानी के पोस्ट का कैप्शन था, '1 + 1 = 3' लगभग चार साल में एक ही देश में हमारा पहला वैलेंटाइन डे और आखिरी वैलेंटाइन डे, जो हम सिर्फ दो के तौर पर बिता पाए।

# अभिनय के बाद श्वेता ने रखा फिल्म निर्माण में कदम....



**मुंबई।** अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने प्रोड्यूसर के रूप में महिलाओं पर आधारित और क्वीर कहानियों को सपोर्ट करने का फैसला किया है, क्योंकि उन्हें लगता है कि यह सही है और इस काम में उन्हें खास महसूस होता है। एक आर्टिस्ट के तौर पर यह उनके लिए एक बड़े मकसद का हिस्सा है। श्वेता ने हाल ही में अपनी पहली क्वीर फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' को प्रोड्यूस करने की घोषणा की है। इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम मुख्य भूमिका में हैं और यह एक क्वीर लव स्टोरी है, जो इस साल फ्लोर पर आने की उम्मीद है। फिल्म में श्वेता खुद भी अभिनय कर रही हैं। अभिनेत्री ने बताया, मेरे लिए यह बहुत पर्सनल है। अगर हम समाज में कोई खास बदलाव देखना चाहते हैं, तो हमें खुद इसका हिस्सा बनकर शुरुआत करनी होगी। महिलाओं और क्वीर लाइफ की कहानियां हमेशा से मौजूद रही हैं, लेकिन उन्हें वह जगह और सम्मान नहीं मिला जिसके वे हकदार हैं।

# भारत में पहली बार धमाल मचाने आ रहे कान्ये वेस्ट

*भारत में लाइव म्यूजिक और इंटरनेशनल कॉन्सर्ट्स का क्रेज लगातार बढ़ता जा रहा है। इस कड़ी में अब लोगों के बीच अमेरिकी रैपर और सॉन्गराइटर कान्ये वेस्ट के लाइव परफॉर्मेंस को लेकर जमकर उत्साह है। यह कॉन्सर्ट कान्ये के करियर का भारत में पहला शो होगा। कान्ये वेस्ट का यह कॉन्सर्ट 29 मार्च को राजधानी दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आयोजन के तौर पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम को चुना गया है। यह शो तकनीक, विजुअल्स और साउंड के स्तर पर भारत के सबसे भव्य कॉन्सर्ट्स में से एक होगा।*



**नई दिल्ली।** कान्ये वेस्ट का म्यूजिक करियर हमेशा से एक्सपेरिमेंट और बदलावों से भरा रहा है। उन्होंने हिप-हॉप को पारंपरिक 'गैंगस्टर रैप' से बाहर निकालकर एक नई पहचान दी। अटलांटा में जन्मे और शिकागो में पले-बढ़े कान्ये ने कॉलेज की पढ़ाई बीच में छोड़कर म्यूजिक को करियर चुना। शुरुआती दौर में उन्होंने बतौर म्यूजिक प्रोड्यूसर काम किया और मशहूर रैपर जे-जेड के लेबल रॉक-ए-फेला रिकॉर्ड्स से जुड़े। यहीं से उनकी 'चिपमंक सोल' प्रोडक्शन स्टाइल को पहचान मिली।रिकॉर्डिंग आर्टिस्ट के तौर पर कान्ये का डेब्यू एल्बम 'द कॉलेज ड्रॉपआउट' बेहद सफल रहा और इसे आलोचकों से भी खूब सराहना मिली। इसके बाद उनका दूसरा एल्बम 'लेट रजिस्ट्रेशन' आया, जिसने उन्हें और ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। उन्होंने करियर में 'स्लो जैम्ज', 'गोल्ड डिगर', 'स्ट्रॉन्गर' और 'ई.टी.' जैसे कई चार्टबस्टर गाने दिए। वह तीन अलग-अलग दशकों में बिलबोर्ड हॉट 100 चार्ट पर टॉप करने वाले पहले रैपर भी बने।

# रशिमका के रिसेप्शन का कार्ड वायरल



*मुंबई। रश्मिका मंदाना की शादी को लेकर नया अपडेट सामने आया हैं। सोशल मीडिया पर कपल के रिशेप्सन का कार्ड वायरल हो रहा है। कार्ड के मुताबिक रिशेप्सन 4 मार्च को होने वाला है। बीते दिनों रिपोर्ट्स में कई महीनों से दावा किया जा रहा है कि रशिमका इस साल फरवरी के आखिर यानी 26 फरवरी को शादी के बंधन में बंध सकती हैं। बताया जा रहा है कि उदयपुर के एक महल में रशिमका और विजय देवरकोंडा शादी करेंगे, जहां सिर्फ करीबी परिवार और करीबी दोस्त शामिल होंगे। उदयपुर में होने वाली शादी के बाद यह कपल मार्च में हैदराबाद में ग्रैंड रिसेप्शन देने की तैयारी कर रहा है। बीते दिन खबर आई थी कि 4 मार्च को शहर के एक बड़े कन्वेंशन सेंटर में ग्रैंड रिसेप्शन दिया जा सकता है। इस मौके पर साउथ से लेकर बॉलीवुड तक के कई बड़े सितारे शामिल हो सकते हैं। वहीं आज वायरल कार्ड मे भी 4 मार्च डेट मेंशन की गई है। कार्ड का काफी सिंपल और एलीगेंट लग रहा है। विजय या रश्मिका की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।*

## बप्पी दा ने भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री को एक नई बीट

# एक साल में 180 गानों का रिकॉर्ड, गिनीज में एंट्री

*मुंबई। भारतीय सिनेमा में जब भी 'डिस्को' की धुन बजती है, दिल और दिमाग एक साथ जिस नाम को याद करते हैं, वह है बप्पी लहरी। सोने की चमचमाती चेन, काले चश्मे, घुंघराले लंबे बाल और चेहरे पर सजी मासूम मुस्कान-उनकी शख्सियत ही अपने आप में एक स्टाइल स्टेटमेंट थी। वे सिर्फ गायक या संगीतकार नहीं थे, बल्कि एक दौर की पहचान थे। 'डिस्को किंग' के नाम से मशहूर बप्पी दा ने भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री को एक नई बीट, नई चमक और नया अंदाज दिया। उनकी मौजूदगी मंच पर अलग ही ऊर्जा भर देती थी, और उनकी धुनें सुनते ही पैर खुद-ब-खुद थिरकने लगते थे। 80 और 90 के दशक में उनका संगीत सिर्फ ट्रेंड नहीं, बल्कि एक क्रेज बन चुका था। बप्पी लहरी ने अपनी अनोखी स्टाइल और जोशीले संगीत से खुद को भीड़ से अलग साबित किया।*



**संगीत विरासत में मिला** : 27 नवंबर 1952 को बंगाल के एक संगीत परिवार में जन्मे बप्पी दा के लिए सुर और ताल जैसे खून में ही थे। उनके पिता अपरेश लहरी और मां बंसरी लहरी दोनों ही प्रसिद्ध गायक-संगीतकार थे। सिर्फ तीन साल की उम्र से उन्होंने संगीत की तालीम लेना शुरू कर दी थी। क्लासिकल तबला वादन की शिक्षा उन्होंने मशहूर गुरु पंडित शांताप्रसाद से ली। 11 साल की उम्र तक आते-आते वह पियानो बजाने लगे थे। आगे चलकर उन्होंने हिंदी, बंगाली और दक्षिण भारतीय भाषाओं में 5 हजार से अधिक गाने गाए और 500 से ज्यादा फिल्मों में संगीत दिया।

### करियर की शुरुआत से सुपरहिट पहचान तक

बप्पी दा ने 1973 में फिल्म नन्हा शिकारी से बतौर संगीत निर्देशक अपने सफर की शुरुआत की। हालांकि असली पहचान उन्हें 1975 की फिल्म जख्मी से मिली। इस फिल्म में उन्होंने न सिर्फ संगीत दिया, बल्कि प्लेबैक सिंगर के रूप में भी अपनी आवाज का जादू चलाया। इसके बाद उनकी धुनें हर पार्टी, हर शादी और हर जश्न की जान बन गईं। उनका पॉप और डिस्को का फ्यूजन उस दौर में बिल्कुल नया था। तेज बीट्स और कैची धुनों ने उन्हें युवाओं का चहेता बना दिया।

### एक साल, 33 फिल्में और 180 गाने

बप्पी लहरी का मानना था कि साल में दो-तीन फिल्में करना ही काफी है, लेकिन जुनून जब सिर चढ़कर बोले तो इतिहास बन जाता है। साल 1986 में उन्होंने 33 फिल्मों के लिए 180 से ज्यादा गाने रिकॉर्ड कर एक अनोखा रिकॉर्ड कायम किया।

### हमेशा याद रहेंगे 'डिस्को किंग'

बप्पी लहरी ने सिर्फ गाने नहीं बनाए, बल्कि एक दौर को आवाज दी। उनकी धुनों ने पीढ़ियों को थिरकाया और भारतीय संगीत में डिस्को की चमक हमेशा के लिए दर्ज कर दी। उनकी स्टाइल, उनका संगीत और उनकी मुस्कान-सब कुछ आज भी उतना ही यादगार है।

## खबर संक्षेप




### जेपी पब्लिक स्कूल में रॉयल शाइन वार्षिकोत्सव

**बिलाईगढ़।** क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कारों की अलख जगाने वाले जेपी पब्लिक स्कूल बेलटिकरी ने अपनी स्थापना के गौरवशाली 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वार्षिक उत्सव रॉयल शाइन का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन किया। यह आयोजन केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम भर नहीं था, बल्कि विद्यालय की पांच वर्षों की सतत साधना, अनुशासन और उत्कृष्ट शिक्षा के प्रति समर्पण का जीवंत प्रतिबिंब बनकर सामने आया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बेद राम जांगड़े द्वारा माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के संचालक संत राम जायसवाल के नेतृत्व में संस्थान ने अल्प समय में बच्चों के सर्वांगीण विकास की जो मजबूत नींव रखी है, उसकी स्पष्ट झलक पूरे आयोजन में दिखाई दी। वार्षिकोत्सव की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, स्वतंत्रता संग्राम की गाथाओं, आज़ादी के महत्व पर आधारित नृत्य.नाट्यए छत्तीसगढ़ी पंथी नृत्य, राउत नाचा, साउथ इंडियन, संबलपुरी एवं पंजाबी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर प्रस्तुति में बच्चों का आत्मविश्वास, सृजनात्मकता और समर्पण झलक रहा था।

### साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार

**रायगढ़।** रेल प्रशासन के द्वारा दुर्ग-हटिया-दुर्ग के मध्य 08185/08186 हटिया-दुर्ग-हटिया द्वि.साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का परिचालन 27 फरवरी तक किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए इस गाड़ी के परिचालन का विस्तार 01 अप्रैल तक किया गया है। परिचालन में विस्तार होने के बाद गाड़ी संख्या 08185 हटिया.दुर्ग सुपरफास्ट एक्सप्रेस, हटिया से दुर्ग के लिए प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार को 31 मार्च तक चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08186 दुर्ग.हटिया सुपरफास्ट एक्सप्रेस, दुर्ग से हटिया के लिए प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार 01 अप्रैल तक चलेगी।

### कलेक्टर ने की कन्नौजे स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ का सोमवार को निरीक्षण कर डीएमएफ मद से चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर ने निर्माणाधीन कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया और ठेकेदार को स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्माण कार्यों में तेजी लाये और गुणवत्ता के साथ 10 मार्च तक सभी लंबित कार्य पूर्ण करें। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रायवेट हॉस्पिटल की तर्ज पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में निर्माण और स्वास्थ्य सुविधा दी जा रही है, एक्स रे सोनोग्राफी और कई प्रकार के टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है। कलेक्टर ने ओपीडी, आईपीडी, ड्रेसिंग, दवा, एनसीडी, लैबए नेत्र एक्स.रे आदि कक्ष का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने रेबीज के साथ अन्य दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली। लैब कक्ष में प्रतिदिन लगभग 50 मरीजों की जांच पर, एक्स रे कक्ष में कलेक्टर को शुल्क की जानकारी दी गई कि एक्स रे की पीडीएफ कॉपी के लिए 50 रुपये और प्रिंट के लिए 150 रुपये शुल्क लिया जाता है जबकि बुजुर्गों और बच्चों के लिए सुविधा निःशुल्क है।

### नाबालिग से छेड़खानी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** घर में घुसकर नाबालिग बालिका से छेड़खानी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। महिला थाना में 14 फरवरी को पीड़िता की मां द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 13 फरवरी की रात करीब 11.30 बजे गांव का रोहन उरांव और पवन कुमार मिंज घर के पीछे से उनके मकान में घुसकर कमरे में सो रही उसकी नाबालिग बालिका के साथ गलत नियत से छेड़खानी करने लगे। बालिका के चिल्लाने पर परिजन जाग गए और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।

---

बिलाईगढ़ ब्लॉक का धान बरमकेला संग्रहण केंद्र में हो रहा जमा

# सरकारी खर्चे को बढ़ा रहे मार्कफेड के अधिकारी, ट्रांसपोर्टरों को पहुंचा रहे फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरकारी खर्चे को जबरिया मार्कफेड के अधिकारी किस कदर बढ़ा रहे हैं इसकी बानगी समर्थन मूल्य में खरीदी गई धान परिवहन में देखी जा सकती है। यहां ट्रांसपोर्टरों को फायदा पहुंचाने के लिए नजदीक के बजाए दूर के संग्रहण केंद्रों में धान जमा कराया जा रहा है। यह खेल खुलेआम चल रहा है जबकि परिवहन करने वाली गाड़ियों में जीपीएस लगा है। इसके बाद भी अधिकारियों को इसका डर नहीं है।

**खास बात**

- एक संग्रहण केंद्र पार कर दूसरे तक पहुंचा रहे धान

सारंगढ़ जिले में दो संग्रहण केंद्र है, जहां धान जमा किया जाता है। इसमें सारंगढ़ ब्लॉक में हरदी और बरमकेला ब्लॉक में बरमकेला संग्रहण केंद्र शामिल है। बरमकेला संग्रहण केद्र का भंडारण क्षमता 1.20 लाख एमटी और हरदी का 1.50 लाख एमटी है। खास बात यह है कि हरदी संग्रहण केंद्र सारंगढ़ के पास है जबकि सारंगढ़ को पार करके बरमकेला जाना पता है। इसी में खेल मार्कफेड के अधिकारी कर रहे हैं। जानकारी मिली है कि बिलाईगढ़ ब्लॉक के समितियों से धान उठाव किया जा रहा है। इस धान के हरदी के बजाए बरमकेला भेजा जा रहा है। याने करीब 25-30 किमी दूर। इससे ट्रांसपोर्टरों का भाड़ा ज्यादा बन रहा है। प्रति किमी के हिसाब से भाड़ा के लिए अनुबंध किया जाता है। दूसरी ओर सरकार चाहती है कि इस काम में कम से कम खर्च हो, लेकिन मार्कफेड के अधिकारियों ने शासन को जैसे चपत लगाने की कसम खा ली है। सारंगढ़ और बिलाईगढ़ क्षेत्र के खरीदी केंद्रों का धान हरदी में जमा किया जा सकता है, लेकिन बरमकेला भेजा जा रहा है। इससे लाखों का नुकसान हो रहा है।



**हरदी संग्रहण केंद्र नहीं खोले**

डीएमओ शीतल भोई के अनुसार हरदी संग्रहण केंद्र को हाल ही में खोला गया है। याने अब तक बंद था। डीएमओ का दलील है कि हरदी संग्रहण केंद्र का कर्मचारी कहीं चला गया था, इसके कारण बंद था। अब खोल दिया गया है। खुला नहीं होने की वजह से बरमकेला भेजा जा रहा था।

**दोनों संग्रहण केंद्र उधारी के कर्मचारियों से चल रहा**

दोनों संग्रहण केंद्रों में नियमित कर्मचारी नहीं है। हरदी में था वह भी साल भर पहले रिटायर हो चुका है। बरमकेला में एक चपरासी ही नियमित है उसी को प्रभारी माना जाता है। हालांकि जो जानकारी मिली है उसके हिसाब से यहां दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी काम करते हैं और उन्हीं की देखरेख में संग्रहण केंद्र चलता है। ऐसे में समझा जा सकता है कि दोंनों संग्रहण केंद्रों में धान किस कदर जमा होता होगा। जानकारी मिली है कि दोनों ही संग्रहण केंद्रों में धान की जांच तक नहीं होती है।

> हरदी संग्रहण केंद्र में कर्मचारी नहीं होने की वजह से खोला नहीं गया था। इसके कारण बरमकेला संग्रहण केंद्र भेजा जा रहा था। अब बरमकेला और हरदी दोनों केंद्रों में जमा हो रहा है।
>
> **शीतल भोई**
> डीएमओ सारंगढ़

---

### पान और कॉस्मेटिक दुकान में पिलाया जा रहा था हुक्का, संचालक गिरफ्तार

**रायगढ़।** सार्वजनिक स्थान पर युवक-युवतियों को हुक्का पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले दुकान संचालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है। 15 फरवरी की शाम थाना कोतवाली एवं साइबर थाना की संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन के पास स्थित शंकर पान एवं कॉस्मेटिक दुकान में संदेहास्पद गतिविधियां संचालित होने की जानकारी मिल रही थी। पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई की गई। जांच के दौरान दुकान संचालक गिरीश भाठिया पिता विजय भाठिया 36 निवासी पक्की खोली चक्रधरनगर द्वारा दुकान में सार्वजनिक रूप से युवक-युवतियों को हुक्का पीने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही थी। इसमें फ्लेवर युक्त तंबाकू पदार्थ का उपयोग पाया गया। दुकान संचालक का उक्त कृत्य सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 कोटपा एक्ट का उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस द्वारा दुकान में रखे 'हुक्का पॉट एवं फ्लेवर युक्त तंबाकू पदार्थ को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई इस्तगासा की गई है।

---

## तमनार नगर पंचायत के लिए सरकार ने किया पहली पीआईसी का गठन, अब संचालन होगा शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डेढ़ साल पहले तमनार को नगर पंचायत बनाने सीएम विष्णुदेव साय द्वारा की गई घोषणा आज पूरा हो गया है। सरकार की ओर से नगर पंचायत की पहली पीआईसी का गठन कर दिया है। अब इनके द्वारा संचालन किया जाएगा।

हालांकि अभी केवल परिषद के कृत्यों का संचालन के लिए समिति का गठन करने की बात कही गई है। अभी चुनाव संभव नहीं है, ऐसे में समिति का गठन कर दिया गया है। इसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के अलावा पांच सदस्यों का नाम शामिल है। डेढ़ साल पहले चक्रधर समारोह के दौरान रायगढ़ पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय ने तमनार को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की थी। इसमें तमनार और बासनपाली गांव को शामिल किया है। इसके बाद बासनपाली गांव के दावा आपत्तियों का निराकरण किया गया था। हालांकि इसके बाद भी बासनपाली गांव के लोग नगरपंचायत में शामिल नहीं होने के लिए प्रदर्शन किया था। दूसरी ओर 16 फरवरी को नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा अधिसूचना प्रकाशित की है। इसमें तमनार नगर पंचायत को परिषद के संचालन के लिए आगामी आदेश तक समिति का गठन करने की बात कही गई है। ऐसे में अब तमनार नगर पंचायत में काम-काज शुरू हो जाएगा। नगरीय प्रशासन विभाग ने बीते 2 फरवरी को तमनार नगर पंचायत में बतौर सीएमओ बसंत बुनकर की पोस्टिंग भी कर दी है।

**इनको मिला पहले अध्यक्ष बनने का सौभाग्य**

नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से जो अधिसूचना जारी की गई है उसमें अश्वनी पटनायक को बतौर अध्यक्ष और सुरेंद्र साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही पांच सदस्यों का नाम भी शामिल है। इसमें जगन्नाथ सिदार, गीतांजली पटनायक, हेमलाल साहू, योगेश गुप्ता और ज्योति पटेल शामिल हैं।

---

## विभिन्न मांगों को लेकर घरघोड़ा क्षेत्र के दर्जन भर गांवों के ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**कलेक्टोरेट गेट में पुलिस की घेराबंदी, मिनी स्टेडियम में किया प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते 21 दिनों से आंदोलन कर रहे दर्जन भर गांव के सैकडों ग्रामीणों का सब्र बांध टूटा तो सीधे कलेक्टोरेट पहुंच गए। हालांकि गेट पर पुलिस का पहरा होने की वजह से ग्रामीण मिनी स्टेडियम में ही प्रदर्शन चालू कर दिया। बाद में एडीएम ने मौके पर जाकर ग्रामीणों की बातें सुनी और शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।



एनटीपीसी से कुछ मांगों को लेकर तिलाईपाली, कुधुरमौहा, नयारामपुर, चोटीगुड़ा, सालहेपाली, अजीतगढ़, रासकेरा समेत दर्जन भर गांव के ग्रामीणों सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचे थे। इन गांवों के ग्रामीण बीते 21 दिनों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारी मौके पर पहुंचे तो थे, लेकिन बिना कोई जवाब दिए लौट गए। ग्रामीणों ने करीब 10 पाइंट में अपनी मांगों का ज्ञापन एडीएम को सौंपा है। एडीएम ने उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाने की बात कही है।

---

## मांड नदी पर पुल की मरम्मत के लिए एसईसीएल और जिला प्रशासन के बीच हुआ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

साउथ इस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल क्षेत्र की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के अंतर्गत खरसिया.छाल मार्ग पर मांड नदी पर निर्मित उच्च स्तरीय पुल के मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 84.48 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। सोमवार को एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र एवं जिला प्रशासन रायगढ़ के मध्य के समझौता ज्ञापन एमओयू किया गया।

खरसिया, छाल मार्ग एक महत्वपूर्ण अधोसंरचनात्मक संपर्क मार्ग हैए जो खरसिया को छाल, धरमजयगढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों से जोड़ता है। इस मार्ग पर स्थित मांड नदी का पुल दोनों क्षेत्रों के बीच एकमात्र क्रियाशील संपर्क साधन है, जो आमजनए आवश्यक सेवाओं तथा वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुल की जर्जर स्थिति के कारण आवागमन, सुरक्षा एवं क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इससे यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ कोयला एवं अन्य वाणिज्यिक परिवहन की सुचारू आवाजाही भी प्रभावित हो रही थी। इस परिप्रेक्ष्य में पुल की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य आवश्यक हो गया था। इस परियोजना के पूर्ण होने पर खरसिया, छाल, धरमजयगढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों के बीच सुरक्षित और निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा। साथ ही यात्रियों एवं माल परिवहन की सुगमता बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि पुल की जर्जर स्थिति को ध्यान रखते हुए रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा भी इस कार्य को प्राथमिकता देने की अनुशंसा की गई थी। एसईसीएल द्वारा सीएसआर के अंतर्गत इस कार्य को स्वीकृति प्रदान कर क्षेत्रीय विकास एवं जनहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनरू स्थापित किया गया है। यह पहल स्थानीय समुदायों एवं हितधारकों के साथ एसईसीएल के सौहाद्र्रपूर्ण संबंधों को और सुदृढ़ करेगी तथा कंपनी की सकारात्मक छवि को



---

## 8 किलो गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, बाइक और मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

सरिया पुलिस ने मोटरसाइकिल में गांजा परिवहन करते एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 08 किलो 240 ग्राम अवैध गांजा जब्त किया है। 16 फरवरी को पेट्रोलिंग के दौरान एक लाल रंग की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक ओडी 17 एल 0372 का चालक उड़ीसा से गांजा लेकर ग्राम मल्दा सारंगढ़ की ओर आने की सूचना मिला था।

सूचना पर सरिया थाना के सामने मेन रोड पर घेराबंदी कर उक्त वाहन को रोका गया। वाहन चालक ने अपना नाम धरम सिंह सिदार 45 वर्ष पिता गैंग सिंह सिदार निवासी ग्राम मल्दा थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़ बताया। तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल में पीछे बंधी प्लास्टिक बोरी एवं डिक्की से 07 पैकेट में कुल 08 किलो 240 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह जिला कंटामाल उड़ीसा से गांजा लाकर सारंगढ़ क्षेत्र में बिक्री के लिए ले जा रहा था। जब्त संपत्ति 08 किलो 240 ग्राम गांजा कीमत लगभग 80 हजार एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल कीमत लगभग 25 हजार, एक मोबाइल फोन कीमत लगभग 2 हजार कुल जब्त संपत्ति की अनुमानित कीमत1 लाख 7 हजार आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध थाना सरिया में 6 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



---

## शैक्षणिक भ्रमण सूची में शामिल हुआ प्रायमरी स्कूल लामीखार और गोढ़ी कन्या आश्रम

हरिभूमि न्यूज : रायगढ़

वनांचल में संचालित प्रायमरी स्कूल लामीखार और गोढ़ी आदर्श आदिवासी कन्या आश्रम को शैक्षणिक भ्रमण सूची में शामिल कर लिया गया है। इसमें शैक्षणिक संस्थान धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत देउरमार के आश्रित ग्राम लामीखार स्थित शासकीय प्राथमिक शाला तथा ग्राम.गोढ़ी में संचालित शासकीय आदर्श आदिवासी कन्या आश्रम को जिला प्रशासन द्वारा शैक्षणिक भ्रमण की सूची में शामिल किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

एक ओर शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्राथमिक शाला लामीखार है, तो दूसरी ओर आदिमजाति विकास विभाग द्वारा संचालित आदिवासी कन्या आश्रम गोढ़ी। दोनों ही संस्थान प्रत्यक्ष खनिज उत्खनन प्रभावित क्षेत्र में स्थित हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद यहां शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय नवाचार किए जा रहे हैं। जिले और जिले के सटे अन्य स्कूल के शिक्षक और छात्र भी इस शैक्षणिक संस्थानों के रख रखाव, शिक्षण गतिविधियों सहित सभी नवाचारों को देखने और सीखने आएंगे। जिला प्रशासन ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि इन दोनों विद्यालयों को शैक्षणिक भ्रमण सूची में शामिल करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए तथा संबंधित संचालनालय को प्रस्ताव प्रेषित किया जाएए ताकि राज्य स्तर पर अन्य जिलों के शिक्षक एवं विद्यार्थी भी यहां अध्ययन भ्रमण के लिए आ सकें।



**हिंदी की तरह अंग्रेजी भी फर्राटेदार बोलते हैं बच्चे**

लामीखार प्राथमिक शाला में कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों से कलेक्टर ने सीधा संवाद किया था। बच्चों ने हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिए। उनकी अभिव्यक्ति क्षमता, अनुशासन और सीखने की ललक ने सभी को प्रभावित किया। स्कूल में माइलस्टोन, भारत और छत्तीसगढ़ के मानचित्र जैसी शिक्षण सामग्री बच्चों को अनुभव आधारित शिक्षा दे रही है। विद्यालय परिसर में विकसित किचन गार्डन, हर्बल गार्डन, मसाला बगान और गुलाब गार्डन में लगभग 128 प्रजातियों के फलदार, फूलदार एवं औषधीय पौधे लगाए गए हैं।

---

## चिकित्सकों की सतर्कता से बची प्रसूता की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्व. लखीराम अगव्राल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ के चिकित्सकों की तत्परता, उच्चस्तरीय चिकित्सा प्रबंधन और समन्वित टीमवर्क के चलते एक 23 वर्षीय प्रथम गर्भ प्रसूता को पेरिपार्टम कार्डियक अरेस्ट जैसी अत्यंत गंभीर स्थिति से सफलतापूर्वक बचा लिया गया।

मरीज 23 वर्षीय महिला जो पहली बार गर्भवती थीं, को प्री एक्लेम्पसिया गर्भावस्था में उच्च रक्तचाप की शिकायत थी। जो अत्यधिक गंभीर स्थिति में निजी अस्पताल से मेडिकल कॉलेज के आपातकालीन विभाग में



02 फरवरी को दोपहर लगभग 12 बजे अत्यधिक उच्च रक्तचाप और सांस लेने में गंभीर तकलीफ के साथ लाया गया। चिकित्सक द्वारा जांच में पल्मोनरी एडीमा ;फेफड़ों में पानी भरनाद्ध की पुष्टि हुईए जो जानलेवा स्थिति होती है।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आपातकालीन सिजेरियन सेक्शन का निर्णय लिया गया। ईलाज के दौरान मरीज को अचानक पेरिपार्टम कार्डियक अरेस्ट हृदय गति रुकना हो गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 10,900/-

रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
10 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मंदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त